जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-10 | जयपुर, सोमवार, 13 मार्च, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित हुआ यादों का कारवां कार्यक्रम

- जयपुर कल्चरल सोसायटी ने आयोजित किया कार्यक्रम
- सोसायटी फाउंडर आनंद के गंगवार को सिंगर्स ने दी श्रद्धांजलि





**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर शहर के पिंक सिटी प्रेस क्लब में जयपुर कल्चरल सोसायटी द्वारा यादों का कारवां एहसास - 4 संगीत संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय आनंद के गंगवार की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर की गयी । सोसायटी के सभी सिंगर्स ने एक से बढ़कर एक गाने सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया । जयपुर कल्चरल सोसाइटी की प्रेसिडेंट कंचन आनंद ने बताया कि प्रोग्राम में चीफ गेस्ट एनएस मेहता, स्पेशल गेस्ट नृत्य गुरु और वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री, वासुदेव मोटवानी और समाजसेवी बसंत जैन रहे । सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर, दुपट्टा पहनाकर और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया । संस्था के सेक्रेटरी और म्यूजिक डायरेक्टर मुकेश पारीक और प्रोग्राम अरेंजर संजय चंदनानी ने बताया कि 31 सिंगर्स ने इस कार्यक्रम में अपनी परफॉर्मेंस दी । जिनमें कैलाश सोलंकी, वासुदेव मोटवानी, मुकेश पारीक, संजय चंदनानी, डॉक्टर महेश बागड़ी, अजय कल्ला, शेखर श्रीवास्तव ,जी एल पारीक, सुधीर शर्मा, राजीव पारीक, एसडी माथुर, पुष्पेंद्र शर्मा, डॉक्टर अशोक शर्मा, डॉक्टर हनुमान सोनी, विकास रावत, नीलू रावत, प्रीति जी पुरोहित, सीमा मुंजाल, पूनम जैन, उर्मिला नियति, सुरेखा मित्तल, सुरभि सोनी, संध्या सक्सेना, देव भार्गव, राजबाला सिंह, शुभा शर्मा, शेल गर्ग,सीमा शाह, निशांत तिवारी और कंचन आनंद रहे । इस दौरान आनंद के गंगवार की दोनों सुपुत्रियाँ आकृति आनंद सिंह और स्तुति आनंद सिंह, उद्योगपति राधे श्याम गुप्ता भी मौजूद रहे ।

**कंचन आनंद की आँखों में छलक पड़े आंसू -**

कंचन आनंद ने अपनी बारी आने पर अफ़साना लिख रही हूँ गाना गाया तो अपने पति आनंद गंगवार को याद कर गाने के बीच में ही आंसू छलक पड़े ! उपस्थित लोगों ने उन्हें संभाला।

**पूरे कार्यक्रम में जलती रही ज्योति -**

अमूमन होता यह है की दीप प्रज्वलन के थोड़ी देर बाद ही दीपक की ज्योति बुझ जाती है लेकिन कार्यक्रम के समापन तक ज्योति जलती रही । गेस्ट उषा श्री ने कहा कि ज्योति का जलना संकेत है की आनंद जी आज भी हमारे बीच हैं ।

गौरतलब है कि 11 मार्च 2021 को दिल का दौरा पड़ने से आनंद गंगवार का आकस्मिक निधन हो गया था । उनकी याद सभी के दिलों में हमेशा रहेगी । आनंद गंगवार की पत्नी ने उनके जाने के बाद जयपुर कल्चर सोसायटी का कार्यभार संभाला और 2021 में अक्टूबर में यादें एहसास 1 , 2022 में 11 मार्च को आनंद एक एहसास 2, 11 जून 2022 को रिमझिम के तराने एहसास 3 करवा चुकी हैं । जयपुर कल्चर सोसायटी 1986 से अपने कार्यक्रम करती आ रही हैं ।



## महिला दिवस पर नगर पालिका में महिला कार्मिकों को किए उपहार भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चौमूं नगरपालिका में भी चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी और ईओ जितेंद्र कुमार मीणा ने महिला कार्मिकों को उपहार भेंट किए । नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान इस देश का सम्मान है,इस सृष्टि की रचयिता हैं । हम सभी को महिलाओं के सम्मान करने का प्रण लेना चाहिए । महिलाओं को अगर सम्मान मिलेगा तो यह समाज दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति करेगा । महिला कार्मिक कन्नूप्रिया बुटोलिया, सीमा सैनी, चंदा मीणा, रजनी कालीरावणा, स्नेहा, कोमल, सुधा शर्मा को उपहार भेंट किए गए। इस मौके पर पार्षद महेश यादव, रमेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि फिरोज नागोरी, प्रहलाद गुलिया, मुकेश सैनी भी मौजूद रहे ।

## लायंस क्लब सीकर सनराइज ने किया अग्रणी महिलाओं को सम्मानित




**सीकर (हमारा वतन)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को लायंस क्लब सीकर सनराइज ने सम्मानित किया । जिसमें इंद्रा शर्मा संखियक विभाग, सिमरत कौर कथक नृत्यांगना टीवी डीआईडी सुपर मॉम, डॉ. गीता दाधिच स्वास्थ्य विभाग, डॉ. संपति मिश्रा शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र, साधना सेठी मदद फाउंडेशन, मंजू लाटा शिक्षा क्षेत्र, शिल्पा चोकड़िका पर्यावरण क्षेत्र, नीलम मिश्रा राजनैतिक क्षेत्र व समाज सेविका इत्यादि को चुनरी व फूल माला देकर और पौधे भेंट कर सम्मानित किया । इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष अर्चना शर्मा, संपति मिश्रा, मधु सोनी, अरुणा कुमावत, अंजू अग्रवाल, एमजेएफ लायन शिव प्रसाद सोनी, डॉ. एन डी मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, रविंद्र शर्मा, सुगन चंद कुमावत आदि मौजूद रहे।

## रुक्क्षमणी कुमारी ने की राजीव गांधी युवा मित्र प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात

**चौमूं (हमारा वतन)।** आल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रुक्क्षमणी कुमारी ने चौमूं नगरपालिका में चल रहे राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप प्रशिक्षण में



पहुंचकर वालंटियर से मुलाकात की । इस दौरान सभी राजीव गाँधी युवा प्रशिक्षु वॉलेंटियर्सो से मुलाक़ात कर राजस्थान सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे लोगों को भी दिलाने का आह्वान किया । इस मौके पर कैलाश यादव बीएससो ,मालीराम यादव एएसओ, जितेंद्र सैन, रामनिवास गागर, पवन सैनी, सुनील बुनकर, प्रकाश कुमावत, आशा यादव, संतरा कुमावत आदि उपस्थित रहे ।




लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9636247286, 9928747286

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# कांग्रेस का होली मिलन समारोह एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह हुआ आयोजित

**चौमूं (हमारा वतन)।** शहर के सामोद रोड मोहन वाटिका गार्डन में चौमूं कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में खानु खां बुधवाली चेयरमैन वक्फ़ बोर्ड राजस्थान, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, नानूराम कुमावत ओबीसी प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष, गिरिराज देवंदा कोर्डिनेटर हाथ से हाथ जोड़ों अभियान, कृष्ण कान्त जोशी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, डॉ. हनुमान बराला, डॉ. सी बी यादव ने पार्टी को मजबूत करने व कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लेकर अपने-अपने विचार रखे। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चौमूं विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे मे बताया। पूर्व विधायक सैनी ने कहा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं बरती जाएगी। हमेशा उनका मान सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम मंडा



भिंडा व ईटावा भोजजी मे सीएचसी क्रमोन्नत हुई, नगर पालिका से नगर परिषद क्रमोन्नत, गोविंदगढ में कन्या महाविद्यालय, एक नई पीएचसी जाटावाली, 5 नए कृषि पर्यवेक्षक के पद सृजित, 7 नई सहकारी समितियां, मंडा रीको को सुदृढ़, विधानसभा में 25 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण एवं 35 किलोमीटर की सड़कों की अनुशंसा आदि कांग्रेस के 4 साल में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताते हुए आमजन तक पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर खानु खां बुधवाली चेयरमैन वक्फ़ बोर्ड राजस्थान ने कहा कि कार्यकर्ता हमेशा अपने पार्टी के प्रति वफादार होना चाहिए, पार्टी के लिए हमेशा समर्पित रहे, जो उसे जिम्मेदारी दी जाती है, उसे पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाए तो ही कार्यकर्ता का मान सम्मान बढ़ता है और पार्टी मजबूत बनती है।

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे हर बूथ पर पार्टी को मजबूत करें, जिससे आगामी चुनावो में कांग्रेस फिर से सफल हो सके।

नगर पालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से कार्यकर्ताओं को समझाया। सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ और ताकत है। घर-घर जाकर प्रदेश सरकार की ओर से लाई जा रही योजनाओं की जानकारी जरूरतमंद लोगो तक पहुंचाए ताकि वह इसका लाभ उठा सकें और पार्टी की विचारधारा से आमजन को अवगत कराएं।

कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन एवं होली स्नेह मिलन समारोह में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कार्यकर्ताओं की ओर से भी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व नेताओं को आश्वस्त किया गया कि वे गहलोत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएंगे और हर बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर चौमूं नगरपालिका क्षेत्र के पार्षद गण भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सिंह जादौन के जन्मोत्सव में पहुंचे भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य

**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय अटल सेना (राष्ट्रवादी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सिंह जादौन द्वारा अपने जन्मदिन पर सामोद के बंदोल में स्थित महामाया मंदिर में जन्मोत्सव मनाया गया । जन्मोत्सव के दौरान फागोत्सव भी मनाया गया। इस दौरान देश के कोने - कोने से लोग एकत्रित हुए और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी ।

तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्य का पंडित रविंद्र आचार्य भी 37 वें जन्मोत्सव के कार्यक्रम में पहुंचे और विष्णु सिंह जादौन को माला, दुपट्टा और गुलदस्ता भेंट किया ।



इस दौरान प्रेम प्रकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, उमाशंकर तिवारी महामंत्री संगठन, हेमलता पारिक, महामंत्री सुनील प्रजापत , सचिव हेमलता, जिला अध्यक्ष मंदसौर पुष्पा डांगी, जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़ कालूराम मीणा, समाजसेवी प्रेमलता सांड, राहुल दाधीच सहित कई लोग मौजूद रहे ।



# राजभाषायी निरीक्षण समिति ने किया नागालैंड विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**लुमामी (हमारा वतन)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा नामित राजभाषायी निरीक्षण समिति का आगमन नागालैंड विश्वविद्यालय, मुख्यालयः लुमामी में हुआ।

समिति के सदस्य के रूप में डॉ. एन. गोपू कुमार (संयुक्त सचिव) व डॉ. किशोर कुमार (शिक्षा अधिकारी) उपस्थित रहे। सर्वप्रथम नागालैंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जगदीश कुमार पटनायक, कुलसचिव डॉ. अबेमो, संयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. मिथिलेश कुमार सिन्हा के साथ सदस्यों ने लम्बी चर्चा परिचर्चा की।

इसके पश्चात विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों व सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर सदस्यों ने अपने सुझाव दिए। हिंदी अधिकारी आशीष कुमार ने पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण कर विश्वविद्यालय में राजभाषा के प्रचार प्रसार को लेकर किये जा रहे प्रयासों से सभी को अवगत कराया।

हिंदी प्रकोष्ठ के सदस्य ललन कुमार झा व एन्टीपोंग ने बैठक को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभाई। मंच संचालिका की भूमिका प्रियंका सेंगर (आंतरिक अंकेक्षण अधिकारी) ने निभाई व धन्यवाद ज्ञापन उतपल दुवाराह (उप कुलसचिव) द्वारा किया गया।




# इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा को मिला प्रथम पुरस्कार

**जयपुर (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समोरह आयोजित हुआ । जिला प्रशासन एवं जिला महिला अधिकारिता कार्यालय के कार्यालय के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बालिका विकास के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं एवं शख्सियतों का सम्मान किया गया। समारोह में इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा को प्रथम पुरस्कार दिया गया । सम्मानित हुई संस्थाओं और शख्सियतों को नगद पुरस्कार के साथ-साथ स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल के द्वारा सम्मान दिया गया ।

इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा ने बताया की इनाया फाउंडेशन 12 साल से गुड टच- बेड टच पर काम कर रहा है। महिलाओं और बच्चों के अधिकार के लिए जागरूक किया जा रहा है। लगभग 2.50 लाख तक पोक्सो, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, पासवर्ड , धारा 354 सहित सरकारी पहलूओं पर लगातार जागरूक कर रही है। मदर्स मिल्क बैंक, अमृत मिल्क बैंक द्वारा लगभग 2500 से ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को माँ का दूध निशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है । रोड सेफ्टी सीपीआर, फर्स्ट एड ट्रेनिंग आदि कार्य किए जा रहे हैं। नितिशा शर्मा रक्तकोष फाउंडेशन से भी जुडी हुई हैं जो अभी तक 75000 यूनिट रक्त दान करवा चुका है।

## मुख्यमंत्री का संवेदनशील निर्णय

# पालनहार योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि में वृद्धि को दी मंजूरी

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पालनहार योजना के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली सहायता राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस संवेदनशील निर्णय से प्रदेश के 6.5 लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे। प्रस्ताव के अनुसार, 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमाह मिलने वाली 500 रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 750 रुपए तथा 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग को मिलने वाली 1000 रुपए की सहायता राशि को बढ़ाकर 1500 रुपए कर दिया गया है। सहायता राशि में यह वृद्धि 1 जुलाई, 2023 से प्रभावी होगी। इसके क्रियान्वयन से राज्य सरकार पर लगभग 411 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री द्वारा बजट 2023-24 में की गई घोषणा के संबंध में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार द्वारा संचालित पालनहार योजना के अंतर्गत 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों, निराश्रित पेंशन की पात्र अथवा पुनर्विवाहित विधवा माता, तलाकशुदा/परित्यक्ता माता एवं नाता जाने वाली माता के बच्चों, विशेष योग्यजन, एच.आई.वी. अथवा कुष्ठ रोग से पीड़ित एवं मृत्युदण्ड/आजीवन कारावास प्राप्त माता/पिता के बच्चों को आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा मासिक आर्थिक सहायता दी जाती है ।



# गांधी जयन्ती से मिलेगी खादी उत्पादों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर राज्य में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत विशेष छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। यह छूट 2 अक्टूबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक लागू रहेगी। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने 2023-24 के बजट में महात्मा गांधी की जयन्ती के उपलक्ष्य में खादी पर 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की थी। उक्त बजट घोषणा की अनुपालना में यह स्वीकृति दी गई है। खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत छूट से प्रदेश में खादी का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ खादी संस्थाओं को प्रोत्साहन भी मिलेगा। खादी से जुड़े लोगों ने सीएम गहलोत के इस कदम का खुले दिल से स्वागत किया है ।

# जॉब्स

1. जिप्मेर, पद जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर व अन्य, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
2. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद ईओ,एओ, एपीएफओ, अंतिम तिथि 17 मार्च 2023
3. इंडियन एयरफोर्स, पद वायु अग्निवीर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 31 मार्च 2023
4. यंत्र इंडिया लिमिटेड ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 5395, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
5. असम राइफल्स टेक्निकल एंड ट्रेड मैन, पद क्लर्क व रेडियो ऑपरेटर व अन्य, पद संख्या 617, अंतिम तिथि 19 मार्च 2023
6. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, पद सिक्योरिटी स्क्रीनर फेशर, पद संख्या 400, अंतिम तिथि 19 मार्च 2023
7. कर्मचारी चयन आयोग एसएससी, पद फेज 11, पद संख्या 5369, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
8. बीएसएफ, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 1284, अंतिम तिथि 27 मार्च 2023




### ब्रेकअप पर खुलकर बोलीं सारा अली खान

## कहा- कोई नहीं समझता दिल का दर्द, 2020 सबसे भयानक फेज था

सारा अली खान ने हाल ही में साल 2020 में अपने ब्रेकअप को लेकर बात की। उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन इशारों इशारों में फिर भी काफी कुछ कह दिया।



सारा अली खान ने कहा, साल 2020 मेरे लिए लगातार खराब होता चला गया। इसकी शुरुआत ब्रेकअप से हुई और फिर ये और भी बुरा होता गया। यह बहुत ही बुरा साल था और इसके बारे में ज्यादातर चीजें इंटरनेट पर हैं।

**सारा के लिए बहुत भयानक था साल 2020**

साल 2020 में सारा अली खान की कुल 2 फिल्में आई थीं। पहली कार्तिक आर्यन के साथ Love Aaj Kal 2 और दूसरी वरुण धवन के साथ Coolie No 1. कार्तिक आर्यन के साथ उनकी फिल्म फ्लॉप हो गई थी और इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान कार्तिक-सारा के अफेयर की भी खबरें आई लेकिन दोनों ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। कुछ ही वक्त बाद सारा और कार्तिक ने साथ नजर आना बंद कर दिया था।

**सारा अली खान ने बताई अंदर की तकलीफ**

सारा अली खान ने बताया, कई बार जब आपको पता होता है कि आप ट्रोलिंग के ही लायक हैं या जब कुछ बहुत गलत हो जाता है, तो फैक्ट ये है कि सब कुछ तुरंत इंटरनेट पर आ जाता है। यह इतना चीप है जैसे उन्हें वाकई कोई फर्क नहीं पड़ता अगर आपका दिल टूटा, आप दुखी, थके हुए, डरे हुए, घबराए हुए थे। क्या फर्क पड़ता है। 20 लोग पढ़ रहे हैं और आपके भीतर ज्वालामुखी धधक रहा है। कोई फर्क नहीं पड़ता।

**सारा अली खान की अपकमिंग फिल्में**

वर्क फ्रंट की बात करें तो सारा अली खान के करियर का ग्राफ काफी तेजी से ऊपर जा रहा है। केदारनाथ से शुरू करके अभी तक की उनकी ज्यादातर फिल्में हिट रही हैं। आखिरी बार सारा अली खान फिल्म अतरंगी रे में अक्षय कुमार और धनुष के साथ नजर आई थीं। अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो सारा अली खान के पास अभी Gaslight और Ae Watan Mere Watan जैसी फिल्में हैं।

### श्रीदेवी की बेटी होकर मौके तो कई मिले, जाह्नवी कपूर बोलीं- इज्जत अभी तक नहीं मिली



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर कई बार एक स्टारकिड होने के फायदों के बारे में बात कर चुकी हैं। उन्होंने एक स्टारकिड को मिलने वाले मौकों के बारे में बताया है लेकिन बावजूद ढेरों अपॉर्चुनिटीज के जाह्नवी कपूर का कहना है कि अभी उन्हें ऑडियंस से इज्जत कमाना बाकी है। जाह्नवी कपूर ने उनकी पहचान के साथ आने वाली जिम्मेदारियों और डरों के बारे में बात की।

**मैं नए चैलेंज स्वीकार कर सकती हूं**-एक्ट्रेस ने बताया, मुझे लगता है कि किसी फिल्म में जबरदस्ती होना मेरा ईगो हर्ट कर सकता है लेकिन मेरा मानना है कि मेरे पास अभी पेश करने के लिए बहुत सारी चीजें हैं। मैं अपने आप को साबित करना चाहती हूं। मैं नई चुनौतियां स्वीकार कर सकती हूं और उनसे जीत कर दिखा सकती हूं।

...**पर इज्जत अभी तक नहीं मिली**-जाह्नवी कपूर ने कहा कि कई बार चीजें उस स्तर तक आ जाती हैं जब लगता है कि मुझको मौके बहुत मिलते हैं, पर इज्जत अभी तक नहीं मिली, और मुझे लगता है कि अपनी खुद की नजरों में मैं उसी एक चीज के लिए काम कर रही हूं। इसे तैयार करने में बहुत सी रचना शक्ति लगती है और फिर दोबारा इसे शुरू से करना पड़ता है।

## साई पल्लवी ने मारी अल्लू अर्जुन की फिल्म में एंट्री?

### इस रोल में आ सकती हैं नजर

पुष्पा द राइज की सफलता के बाद अब साउथ अभिनेता अल्लू अर्जुन पुष्पा द रूल की शूटिंग में व्यस्त हैं। बता दें, ये फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना, विजय सेतुपति और मोहनलाल मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। सामने आ रही रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मेकर्स ने इस फिल्म के लिए साउथ की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस साई पल्लवी से भी संपर्क किया है। आइए इस बारे में और जानकारी हासिल करते हैं।



**आदिवासी महिला के किरदार में नजर आएंगी साई पल्लवी**-खबरों के मुताबिक, साई पल्लवी इस फिल्म में कैमियो करने वाली हैं। उन्होंने अपने बिजी शेड्यूल में से पुष्पा-2 की शूटिंग के लिए 10 दिन निकाल लिए हैं। वे इस फिल्म में एक आदिवासी महिला का रोल निभाने वाली हैं। यूं तो ये एक आम महिला का किरदार है लेकिन, रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने में ये किरदार महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है। बता दें, अभी तक मेकर्स ने इस खबर की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है।

**रिलीज से पहले ही कमा डाले 1000 करोड़**-पुष्पा द राइज ने थिएट्रिकल राइट्स से 900 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, अब मेकर्स पुष्पा द रूल के थिएट्रिकल राइट्स के लिए एक हजार करोड़ रुपये की डिमांड कर रहे हैं। बता दें, मेकर्स को लगता है कि पुष्पा द रूल रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई करेगी। इतना ही नहीं, मेकर्स को ये भी उम्मीद है कि पुष्पा द रूल बॉक्स ऑफिस पर एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर का रिकॉर्ड तोड़ देगी।



## क्या है केराटाइटिस की समस्या

### जो आंखों की रोशनी भी छीन सकती है

आंखों में फैंसी लैंस पहनना, आंखों की सफाई पर ध्यान न देना और अन्य बैक्टीरिया केराटाइटिस के कारण हो सकते हैं। पर इस समस्या पर तत्काल ध्यान देना जरूरी है।आप भी लेंस पहनते हैं, तो कुछ चीजों का ध्यान जरूर रखते होंगे कि लेंस को उसके डिब्बे में रखना है, लेंस वाले सोल्यून में ही लेंस को रखना है, लेंस लगाकर आंखों को मसलना नहीं है या फिर लेंस लगाकर सोना नहीं है और भी बहुत कुछ। अभी हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें अमेरिका में रहने वाले 21 साल के माइक क्रमहोल्ज़ आंखों में लेंस लगाकर सो गए। जिससे उनकी आंखों की रोशनी चली गई। डॉक्टर इसे केराटाइटिस की समस्या बता रहे हैं। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला और क्या है केराटाइटिस जो आंखों की रोशनी भी छीन सकता है।

**अमेरिका में लेंस पहनकर सोया लड़का**-अमेरिका निवासी माइक पिछले 7 सालों से लेंस पहन रहे थे। पहली बार वे लेंस उतारना भूल गए। जिसके बाद उन्हें इस परेशानी का सामना करना पड़ा था। माइक जब उठे, तो उन्होंने देखा कि उनकी एक आंख लाल हो गई है और उसमें कुछ इंफेक्शन भी है। माइक डॉक्टर के पास गए, तो डॉक्टर ने बताया कि उनकी आंख का एक हिस्सा मांस खाने वाला परजीवी खा गया है। ये खबर माइक के होश उड़ाने के लिए काफी थी।डॉक्टर ने माइक क्रमहोल्ज़ की दाहिनी आंख में अकैंथ अमोबा केराटाइटिस होने की भी सूचना दी। इसी फरवरी में माइक ने एक पेज बनाया, जिसमें उन्होंने इस दुर्घटनों के बारे में सारी जानकारी साझा की। माइक ने बताया कि वो सुबह उठे और उन्हे आंखो में एलर्जी और आंखें लाल दिखीं। उन्हें आंखो में एचएसवी 1 होने की जानकारी दी गई। लेकिन वो 5 नेत्र विशेषज्ञ और 2 कॉर्निया विशेषज्ञों से मिलें तब उन्हे आंखों में एक दुर्लभ परजीवी होने का पता चला, जिसे अकैंथ अमोबा केराटाइटिस कहा जाता है।

**दुनिया भर में 10 लाख लोग पहनते हैं लेंस**-माइक ने कहा मेरी एक सर्जरी हुई है, जिसे कंजेक्टिवल फ्लैप का पीडीटी रिलोकेशन कहा जाता है।

इससे उनकी एक आंख में काफी दर्द है और कुछ दिखाई भी नहीं दे रहा है। माइक ने अन्य लोगों से अपील की है कि जो कॉन्टेक्ट लेंस पहनते हैं, वे इसे पहनकर न सोएं और न ही उन्हें पहनकर नहाएं। सेंटर्स फोर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन के मुताबिक 10 लाख में 33 लोग जो कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, उन लोगों को इस तरह के परजीवी का इंफेक्शन होता है।

## इस तरह मिलता है पुण्य का फल, बस पहले करें यह काम

**कभी कभी लगता है कि अच्छे कार्य करते रहने से उसका फल अच्छा नहीं मिलता और भगवान सारे दुख हमारी ही झोली में डाल देता है लेकिन ऐसा नहीं है। कभी भी जब पुण्य कार्य करें तो उसको ईश्वर पर समर्पित कर दें और मन में किसी भी तरह का भाव ना रखें। इस लेख के माध्यम से आप जानेंगे कि पाप लोह की जंजीर है तो पुण्य सोने की लेकिन बंधन दोनों में है...**



इस संसार में सब कुछ अंतवंत है। पाप और पुण्य दोनों इस संसार से संबंधित हैं, इसलिए पाप और पुण्य भी अंतवंत हैं। पुण्य सुख देकर और पाप दुख देकर अंत को प्राप्त होता है। लेकिन पाप और पुण्य में थोड़ा अंतर यह है कि पुण्य का फल यदि हम नहीं चाहते तो उस फल को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए जो भी हम सत्कर्म करते हैं, अंत में प्रभु को समर्पित कर देते हैं लेकिन यह सवाल उठता है कि क्या भगवान स्वीकार करेंगे निश्चित स्वीकार करेंगे क्योंकि भगवान ने स्वयं गीता में अर्जुन से कहा है, हे कुंतीपुत्र! तुम जो भी करते हो, जो भी खाते हो, पवित्र यज्ञाग्नि में जो आहुति डालते हो, जो भी दान देते हो, जो भी तपस्या करते हो, वह सब मुझे अर्पित करते हुए करो।

इसलिए जो भी कर्म करें, भगवान को समर्पित करने के भाव से करें। हम संकल्प भी करते हैं तो प्रारंभ में तीन बार विष्णु कहते हैं। इसका अर्थ है कि मैं जो भी कर्म करता हूं उसमें विष्णु यानी व्यापक चेतना है। उसमें समष्टि के कल्याण की बात है। इस प्रकार हम जो भी पुण्य कर्म करेंगे ईश्वर को साथ रखकर समष्टि के कल्याण की भावना से करेंगे और उसे ईश्वर को समर्पित भी कर देंगे ताकि उस पुण्य का भी अभिमान न हो। देखो, पाप लोहे की जंजीर है तो पुण्य सोने की। बंधन दोनों में है। लोहे की जंजीर से छूटने का आदमी को मन भी करता है लेकिन सोने की जंजीर से जो बंधा हुआ हो उसको वह बंधन प्यारा लगने लगता है। उसमें उसको धन नजर आता है, उससे छूटने का मन नहीं करता। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि पुण्य कर्म मुझे समर्पित कर दे, मुझे अर्पण कर दे, नहीं तो उसके बंधन में बंधेगा। लेकिन जहां तक पाप कर्म की बात है, तो कहा गया है कि वह भोगना ही पड़ता है।

रामचरितमानस में निशादराज गुह को रामजी का प्रेम यानी भक्ति मिली। भगवान राम गंगा पार कराने पर जब केवट को उतराई देने लगे तो उसने विनयपूर्वक उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। तो क्या खाली हाथ लौटाया उसे? नहीं, नहीं। तब भगवान ने केवट को विमल भक्ति का वरदान देकर अनगृहीत किया। भक्ति एक ऐसी चीज है जो पुरुषार्थ से प्राप्त नहीं होती। जिस पर ईश्वर कृपा करते हैं, उसी को प्राप्त होती है। स्वयं महादेव भी रामचरित मानस में भक्ति की ही याचना करते हुए कहते हैं, 'बार-बार बर मागउं हरषि देहु श्रीरंग। पद सरोज अनपायनी भगति सदा सत्संग।' भक्ति ऐसी है कि परमात्मा जिस पर प्रसन्न होते हैं, वह जिसको देना चाहते हैं, उसी को मिलती है। गुजराती साहित्य के आदि कवि नरसिंह मेहता ने तो गाया है- भूतल भगति पदारथ मोटुं ब्रह्मलोकमां नाही रे। ऐसा अद्भुत मूल्यवान पदार्थ जिसको कहते हैं प्रेम पदार्थ, वह भक्ति है। मैं तो कहता हूं कि जैसे आप अपने देश की करंसी, किसी अन्य देश की करंसी से कन्वर्ट करा लेते हैं, उसी प्रकार पुण्य कन्वर्ट करा लें प्रभु प्रेम में। लेकिन जब पाप की बात आती है तो ऐसा मानकर चलो कि पुण्य जैसे दीवानी कोर्ट का मामला है और उसका सेटलमेंट कोर्ट के बाहर भी हो सकता है लेकिन पाप क्रिमिनल कोर्ट का मैटर है। उसमें कानून अपना काम करेगा उसके मुताबिक सजा भोगनी ही पड़ेगी।



### यहां हैं एक्सपर्ट की बताई हर्बस जो चुटकियों में दूर कर सकती हैं ब्लोटिंग की समस्या

कब्ज या पीरियड के कारण ब्लोटिंग की समस्या हो जाती है। रसोई में मौजूद हर्ब्स इसे दूर करने में मदद कर सकते हैं। यहां हैं एक्सपर्ट के बताये हर्ब जो चुटकियों में ब्लोटिंग की समस्या को कर सकते हैं कम। कब्ज, गैस और यहां तक कि पीरियड की समस्या के कारण भी ब्लोटिंग की समस्या हो जाती है। इससे पेट फूला हुआ लगता है। ब्लोटिंग में पेट भरा हुआ महसूस होता है। इसके कारण बेचैनी होने लगती है और तनाव भी हो सकता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि हमारी रसोई में भी कई मसाले मौजूद हैं, जो ब्लोटिंग को कम करते हैं। हमें इससे राहत पहुंचाते हैं। हालांकि इससे स्थाई समाधान तो नहीं हो सकता, लेकिन तुरंत राहत जरूर पहुंचा सकता है। हर्बल प्रोडक्ट होने के कारण इसके कोई साइड इफ़ेक्ट भी नहीं हैं।

**गैस से राहत दिला कर पाचन समस्या को दूर करने में मदद करते हैं**-आयुर्वेद एक्सपर्ट सारिका साह अपने इन्स्टाग्राम पोस्ट में बताती हैं, रसोई में मौजूद मसाले जैसे कि सौंफ जैसी प्रजाति का एनिस , दालचीनी , सौंफ और अदरक पाचन तंत्र को दुरुस्त करते हैं।ये मसाले गैस बनने की प्रक्रिया को कम करते हैं और सूजन से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। ये गैस से राहत दिलाते हैं और पाचन समस्या के कारण हुए ऐंठन को दूर करने में भी मदद कर सकते हैं। मीठा जीरा, जिसे मीठी सौंफ भी कहते हैं। इसका उपयोग स्वाद बढ़ाने वाले एजेंट के रूप में भी किया जाता है। इसका मीठा और सुगंधित स्वाद होता है।

### हो गए (गजल)

अरसा लगा... उमर गयी...
बेहाल हो गए
भरोसे खर्च डाले सब
और कंगाल हो गए
मुझे जानते थे बस मेरी
आहट से जितने लोग
मेरी पहचान पर उनके ही
कई सवाल हो गए
जंजालों से जिन्हे उबारता
कुछ उम्र मैं रहा
उनके लिए भी हम नए
जंजाल हो गए
कमाल.... करीबियों
में कुछ कमाल का रहा
हम कमाल भी हुए नहीं
वो वाकमाल हो गए
हमारा जिक्र कैद है ऐबों की जेल में
हम.... याद न आने वाले
इक खयाल हो गए
मैंने खुद को कोसा
और खुद से लड़ पड़ा
मुझसे ही.....मेरे......
अनगिनत बवाल हो गए
मैं जो था.....जो हूँ.....
इसमें तमाम फर्क है
जो था.... उससे मिले
तो....कई साल हो गए



-सिद्धार्थ गोरखपुरी

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

# बढ़ते तनाव का हल

भारत और चीन के बीच सीमा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है और अब अमेरिका से आई एक नई रिपोर्ट ने दोनों देशों के बीच बढ़ते जोखिम की ओर इशारा करके मामले की गंभीरता को फिर दर्शाया है। यूएस इंटेलिजेंस कम्युनिटी की रिपोर्ट के अनुसार, विवादित सीमा पर भारत और चीन, दोनों ओर बढ़ती सैन्य मोर्चाबंदी दो परमाणु शक्तियों के बीच सशस्त्र टकराव के जोखिम को बढ़ा रही है। इससे अमेरिकियों और अमेरिका के हित भी खतरे में पड़ सकते हैं व विवाद बढ़ने पर अमेरिका के हस्तक्षेप की भी मांग बढ़ सकती है। उस चीनी दुस्साहस को भुलाया नहीं गया है, जिसके चलते साल 2020 जून में दोनों देशों के जवानों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। उसके बाद से ही तनाव बना हुआ है और यह स्वाभाविक भी है। दोनों देशों के बीच सैन्य कमांडर स्तर पर 17 बार बातचीत हो चुकी है, लेकिन चीन समाधान के लिए तैयार नहीं है। वह संसाधन, बल और धूर्तता के जोर पर अनावश्यक दबाव बनाए रखना चाहता है।


राम गोपाल सैनी

अमेरिकी रिपोर्ट अगर यह खुलासा कर रही है कि बढ़ते गतिरोध की वजह से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर फिर छोटे संघर्ष की स्थिति बनी, तो आश्चर्य की बात नहीं है। एक तरह से यह अमेरिकी रिपोर्ट केवल सावधान करती है, कोई सलाह नहीं देती। वैसे भारत-चीन तनाव पर प्रकाश डालने वाली यह कोई पहली रिपोर्ट नहीं है और इससे हमें ज्यादा प्रभावित नहीं होना चाहिए। ऐसी रिपोर्टों के राजनयिक और आर्थिक मकसद होते हैं। ऐसा कतई नहीं है कि अमेरिका दुनिया में जहां भी संघर्ष की स्थिति बनती हो, वहां कोई शांतिदूत बनकर खड़ा हो जाता हो। अनेक अमेरिकी संस्थाएं दुनिया के कोने-कोने में चल रहे संघर्षों पर शोध-अध्ययन करती रहती हैं। अमेरिका अब भले ही हमारा सहयोगी हो गया हो, पहले की तरह प्रतिकूल न हो, पर हमें वहां से आने वाली रिपोर्टों पर आंख मूंदकर विश्वास करने से बचना चाहिए। भारत ने लंबे समय में जो दर्द झेला है, उसका एहसास अमेरिका को अभी भी पूरा नहीं है। इस बात को भुलाया नहीं जा सकता कि दक्षिण एशिया में अमेरिकी हस्तक्षेप की वजह से ही आतंकवाद की बुनियाद तैयार हुई है। हमें ऐसी रिपोर्टों पर नजर रखनी चाहिए, पर अपने हालात देखकर ही फैसले लेने चाहिए। गलवान के बाद से चीन के साथ भारत का तनाव चिंताजनक भी है। भारत के महत्व को चीन भी समझता है, पर इसे स्वीकार करने में वह हिचकता है। उसे पता है, भारत ने कभी उस पर हमला नहीं किया, उसे यह भी पता है कि उसने भारत की जमीन कब्जा रखी है। उसकी आक्रामक मुद्रा दरअसल बचाव की ही कोशिश है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

### डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर का दीक्षान्त समारोह आयोजित

# आयुर्वेद संपूर्ण जीवन विज्ञान, इसे आधुनिक संदर्भों में आगे बढ़ाने की जरूरत - राज्यपाल

जयपुर(नि.सं.)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि आयुर्वेद संपूर्ण जीवन विज्ञान है और यह स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करने के साथ ही रोग से मुक्ति में भी अत्यन्त प्रभावी है। राज्यपाल मिश्र डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के दीक्षान्त समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के नवनिर्मित सुश्रुत सभागार में संबोधित कर रहे थे । राज्यपाल ने इस अवसर पर सुश्रुत सभागार का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने आयुर्वेद के ज्ञान पर आधुनिक दृष्टि से शोध की आवश्यकता पर सर्वाधिक बल देते हुए कहा कि 'रोग निदान' का जो सिस्टम आयुर्वेद में है, वह अन्यत्र किसी विज्ञान में नहीं है। आयुर्वेद विज्ञान से जुड़े प्राचीन ज्ञान का आधुनिक संदर्भों में अधिकाधिक शोध कर हमें आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोविड के विकट दौर में आयुर्वेद की हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति से रोगोपचार को विश्वभर में मान्यता मिली थी। नाड़ी परीक्षण ज्ञान पर अध्ययन करें

राज्यपाल मिश्र ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे रोग परीक्षा एवं रोग निदान के लिए आयुर्वेद के नाड़ी परीक्षण ज्ञान को आत्मसात करें और आधुनिक संदर्भों में गहराई से उसका अध्ययन करें। उन्होंने आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा आयुष शिक्षण एवं अनुसन्धान के क्षेत्र के अंतर्गत गिलोय पर किये गये शोध-कार्य को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्रदान करने को गौरवपूर्ण बताते हुए प्रसन्नता जाहिर की।




उन्होंने कहा कि इन्टर डिसिप्लीनरी लर्निंग के अंतर्गत आयुर्वेद विद्यार्थियों को विभिन्न ज्ञान स्रोतों से रूबरू करवाने के लिए भी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थानों से अधिकाधिक जुड़कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस सबंध में जोधपुर आईआईटी, एम्स, कृषि विश्वविद्यालय आदि से सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर के साथ कार्य होना अच्छी पहल है। राज्यपाल ने भगवान धन्वन्तरि से लेकर महर्षि सुश्रुत, चरक, वाग्भट, नागार्जुन इत्यादि आयुर्वेद के महान आचार्यों की देन का जिक्र करते हुए कहा कि नवीन तकनीक के जरिए आयुर्वेद ज्ञान के आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में उपयोग की संभावनाओं को साकार करने की दिशा में अधिकाधिक कार्यों की जरूरत है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि स्वास्थ्य प्रहरी के नाते आयुर्वेद और आयुष पद्धतियों के माध्यम से देश और प्रदेशवासियों की स्वास्थ्य-सेवा पूर्ण मनोयोग से करने का संकल्प लें। आयुष विकास के लिए सरकार हरसंभव प्रयासरत विशिष्ट अतिथि आयुष राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट 2023-24 में आयुष के विकास के लिए कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि आयुष क्षेत्र को बहुत करीब से देखते हुए इसके समग्र विकास के लिए निरन्तर प्रयास जारी हैं।

### सिटी पार्क के बेहतर रखरखाव के लिए न्यूनतम प्रवेश शुल्क का किया आमजन ने स्वागत

# मॉर्निंग वाकर्स ने सुबह 6 से 9 और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों लिए निः शुल्क प्रवेश पर जताई खुशी

## वर्किंग डे होने के बावजूद पहले दिन 4200 से अधिक लोगों ने प्रवेश शुल्क के साथ किया पार्क का भ्रमण

जयपुर(नि.सं.)। बेहद कम समय में लोकप्रियता का शिखर छू चुके जयपुर के सिटी पार्क में प्रवेश के लिए न्यूनतम शुल्क लगाने पर आमजन ने सुखद प्रतिक्रिया देते हुए इस कदम का स्वागत किया है। प्रदेश के कई जिलों से आए स्थानीय पर्यटकों ने विश्वास जताते हुए कहा कि न्यूनतम शुल्क से न केवल पार्क के रखरखाव में मदद मिलेगी बल्कि असमाजिक तत्वों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगेगी। मंडल की सचिव अल्पा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, आवासन अभियंता केके दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने विधिवत तरीके से टिकट व्यवस्था को प्रारंभ करवाया। पहले दिन जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए थे तथा कैश काउंटर पर ऑफलाइन पेमेंट के साथ ऑनलाइन की भी सुविधा दी गई थी। सुबह आने वाले मॉर्निंग वॉकर्स ने प्रातः 6 बजे से 9 तक प्रवेश शुल्क ना लेने और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निशुल्क प्रवेश के लिए खुशी जाहिर की।

75 वर्षीय किशन पारवानी ने कहा कि कुछ लोग शाम को आना पसंद करते हैं। ऐसे में साल भर के लिए 999 का रियायती पास वॉकर्स के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। उल्लेखनीय है कि आमजन पार्क के वैभव और सौंदर्यीकरण के चलते इसमें प्रवेश के लिए 50 रुपए प्रवेश शुल्क की उम्मीद कर रहे थे लेकिन मंडल ने आमजन की भावना का ध्यान रखते हुए न्यूनतम 20 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया। झुंझुनू से आए मोहित सुंडा ने कहा कि शहर के अन्य पार्कों मसलन किशन बाग में 50 रुपए, कुलिश स्मृति वन में 30, जलधारा में 30 में रामनिवास बाग स्थित सावन भादो में 20 का प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है।



### वनस्थली विद्यापीठ व आरकैट के बीच हुआ एमओयू

# आईटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है राजस्थान : उषा शर्मा

जयपुर(नि.सं.)। राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरकैट) द्वारा जयपुर सूचना केंद्र सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य सचिव उषा शर्मा थी। कार्यक्रम में आरकैट के औद्योगिक भागीदार कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब द्वारा ग्रामीण एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए ग्राफिक डिजाइनिंग का पाठ्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान आर्केट व वनस्थली विद्यापीठ के मध्य एक एमओयू हुआ जिसके तहत उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आर्केट वनस्थली के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ट्रेनिंग उपलब्ध कराएगा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अपने औद्योगिक भागीदारों के साथ सहयोग करेगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति और महत्व का एहसास होना चाहिए । उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा,आईटी आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं । राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल, महिलाओं की सेहत से जुड़ी आईएम शक्ति उड़ान योजना तथा मुफ्त जांच व दवाई योजना पूरे देश में मिसाल है। मुख्य सचिव ने बताया कि राजस्थान आईटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। राज्य की जन आधार योजना, इनक्यूबेशन सेंटर, डाटा सेंटर आदि इसके विशिष्ट उदाहरण है जिन पर पूरा देश गर्व कर रहा है। आरकैट उच्च श्रेणी की कंपनियों के साथ एमओयू साइन करके बेहतरीन फिनिशिंग स्कूल के रूप में उभरा है। इस अवसर पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी आयुक्त व आर्केट के एमडी आशीष गुप्ता ने बताया कि आरकैट 70 से अधिक रोबोटिक्स, ब्लॉकचेन आदि के क्षेत्रों में कोर्सेज का संचालन करता है व जल्द ही हर संभाग मुख्यालय में आरकैट शुरू कर दिया जाएगा। आरकैट की कार्यकारी निदेशक ज्योति लुहाडिया ने जानकारी दी कि आरकैट इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के साथ ही सामान्य स्नातक, महिलाओं के लिए भी अवसर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया की आगामी सत्रों में माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल जैसी कंपनियां भी आरकैट के साथ जुड़ेंगी। कार्यक्रम में आरकैट के क्विजाथन की विजेता महिलाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से जुड़ी।






RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा